UP Board वार्षिक परीक्षा

सामान्य हिंदी (मॉडल पेपर)

कक्षा - 12

(केवल प्रश्न पत्र)

निर्देश – प्रारंभ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित किये गये हैं.

खंड 'क'

1.

(क) उपन्यास विधा पर आधारित रचना है

(i) स्कन्दगुप्त
(ii) अशोक के फूल
(iii) गोदान
(iv) चिन्तामणि

(ख) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' रचना किस विधा पर आधारित है?

(i) आत्मकथा
(ii) संस्मरण
(iii) यात्रावृत्त
(iv) डायरी

(ग) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है

(i) परीक्षा-गुरु

(ii) गोदान

(iii) गुनाहों के देवता

(iv) चित्रलेखा

(घ) 'दीप जले, शंख बजे' विधा है-

(i) रेखाचित्र

(ii) ललित निबन्ध

(iii) संस्मरण

(iv) यात्रा-वृत्तान्त

(ङ) 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम सम्पादक थे

(i) श्यामसुन्दर दास

(ii) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(iii) जयशंकर प्रसाद

(iv) प्रतापनारायण मिश्र

2.

(क) ज्ञानाश्रयी शाखा से सम्बन्धित कवि नहीं है

(i) कबीर

(ii) रैदास

(iii) नानक

(iv) कुतुबन व जायसी

(ख) किस कवि को 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से विभूषित किया गया?

(i) रामकुमार वर्मा को

(ii) मैथिलीशरण गुप्त को

(iii) सुमित्रानन्दन पन्त को

(iv) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को

(ग) प्रयोगवादी काव्यधारा के जनक हैं

(i) 'अज्ञेय'

(ii) 'धूमिल'

(ii) 'दिनकर'

(iii) 'मुक्तिबोध'

(घ) रामधारी सिंह 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है

(i) कुरूक्षेत्र पर

(ii) उर्वशी पर

(iii) रश्मिरथी पर

(iv) हुँकार पर

(ङ) 'कितनी नावों में कितनी बार' कृति है

(i) हरिवंशराय बच्चन की

(ii) सुमित्रानन्दन पन्त की

(iii) गिरिजाकुमार माथुर की

(iv) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' की

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए. (5x2=10)

मगर उदास होना भी बेकार है। अशोक आज भी उसी मौज में है, जिसमें आज से दो हजार वर्ष पहले था। कहीं भी तो कुछ नहीं बिगड़ा है, कुछ भी तो नहीं बदला है। बदली है मनुष्य की मनोवृत्ति। यदि बदले बिना वह आगे बढ सकती तो शायद यह भी नहीं बदलती। और यदि वह न बदलती और व्यावसायिक संघर्ष आरम्भ हो जाता—मशीन का रथ घर्घर चल पड़ता-विज्ञान का सावेग धावन चल निकलता, तो बड़ा बुरा होता।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) 'मनोवृत्ति' और 'धावन' शब्दों का आशय लिखिए।
(iv) अशोक आज भी उसी मौज में क्यों है?
(v) लेखक के अनुसार किसमें परिवर्तन हुआ है?

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए. (5x2=10)

समर्पण लो सेवा का सार
सजल संसृति का यह पतवार;
आज से यह जीवन उत्सर्ग
इसी पद तल में विगत विकार।
बनो संसृति के मूल रहस्य
तुम्हीं से फैलेगी यह बेल;
विश्व भर सौरभ से भर जाय
सुमन के खेलो सुन्दर खेल!

(i) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) श्रद्धा किसकी जीवनसंगिनी बनकर सेवा करना चाहती है?
(iv) 'विश्व भर सौरभ से भर जाय' पंक्ति का क्या आशय है?
(v) 'सजल संसृति का यह पतवार' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है।

5.

(क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए- (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) (3+2=5)

(i) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

(iii) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए- (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) (3+2=5)

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

6. 'पंचलाइट' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए- (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द)

(i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।

(ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथा-सार संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के तृतीय अंक की कथा संक्षेप में लिखिए।

(iv) 'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य के कथानक पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(vi) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।